an>

title: Need to set up Land Custom Station at Valmiki Nagar parliamentary constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र वाल्मीकि नगर (बिहार) के अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर अनुसूचित जाति, जनजाति व थारू बाहुल्य क्षेत्र है। आज के समय में यहाँ बेरोज़गारी चरम सीमा पर है। पहले वाल्मीकि नगर के वन से लकड़ी वगैरह निकालकर लोग अपना जीवन-यापन करते थे, लेकिन टाइगर रिज़र्व हो जाने के कारण वन से कोई भी सम्पदा निकाल पाना बंद हो गया है। तभी से यहाँ स्थानीय लोग बेरोज़गार हो गए हैं। पहले नदी से पत्थर, मिट्टी और बालू भी निकाला जाता था। आज़ादी के 68 साल बीत जाने के बाद भी इस क्षेत्र में उद्योग-धंधे स्थापित नहीं हो पाए हैं। अगर विदेश मंत्रालय यहाँ भंसार (एल.सी.एस.) खोलता है तो भारत सरकार को आर्थिक रूप से फायदा तो होगा ही, साथ ही साथ वाल्मीकि नगर के हज़ारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार की प्राप्ति होगी तथा पड़ोसी देश नेपाल के साथ भारत के संबंध और मज़बूत होंगे।

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Anshul Verma. Not present.

Shri Kapil Moreshwar Patil.